सं.                                                                                     दिनांक: 20/05/2025

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) अपने अनुसंधान के आउटपुट, परिणामों और प्रभाव के प्रसार को प्रभावशाली तरीके से बढ़ावा देने के लिए **नीति और संचार प्रभाग** में, पूर्णतः **अस्थाई संविदा आधार पर** निम्नलिखित **परामर्शकों और युवा पेशेवरों (वाईपी)** की भर्ती करने का प्रयोजन है।

**1.** नीचे बताए गए निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों के बारे में अधिक जानकारी **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

| क्र.सं. | कार्य का स्वरूप | पदनाम | पदों की संख्या | समेकित परिलब्धियां | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामग्री विकास एवं प्रसार | युवा पेशेवर-**II** (तकनीकी/वैज्ञानिक) (सामान्य) | **06** | रु. 42,000/- | अधिकतम 40 वर्ष |
| 3 | आउटपुट विश्लेषण और प्रभाव आकलन | युवा पेशेवर-**II** (तकनीकी/वैज्ञानिक) **(**सांख्यिकी) | **02** | रु. 42,000/- | अधिकतम 40 वर्ष |
| 4 | | परामर्शदाता (वैज्ञानिक – नॉन-मेडिकल) (जन स्वास्थ्य) | **01** | रु. 1,00,000 – 1,80,000/- | न्यूनतम 40 और अधिकतम 70 वर्ष |

**2. चयन प्रक्रिया:** पात्र आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ नवीनतम सीवी, कार्य नमूना/पोर्टफोलियो (जैसा लागू हो) और शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु प्रमाण-पत्र आदि के अन्य दस्तावेज communication.icmr@gmail.com पर **10/06/2025** जमा कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए केवल अल्पसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को ही शामिल किया जाएगा।

अभ्यर्थियों की अल्पसूचीबद्धता (शॉर्टलिस्टिंग) दस्तावेजों की समीक्षा के आधार पर तैयार की जाएगी। अल्पसूचीबद्ध (शॉर्टलिस्ट) किए गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु और साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाएगा। मूल्यांकन प्रक्रिया का विवरण अनुलग्नक-**II** में दिया गया है।

**3. आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों को **communication.icmr@gmail.com** पर ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करना चाहिए। आवेदन करते समय पद के लिए आवेदन करने के पीछे उनकी प्रेरणा और क्षेत्र में उनकी अभिरूचि, उनके अनुभव और अपेक्षित कौशल किस प्रकार इस पद की अपेक्षाओं से मेल खाते है आदि को स्पष्ट करने वाला प्रयोजन विवरण (एसओपी) प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

- जन्म तिथि का प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता, के साथ-साथ डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र या उनकी पद संबंधी भूमिका से संबंधित शैक्षणिक योग्यता प्रदर्शित करने वाली प्रतिलिपियां।
- प्रासंगिक अनुभव का प्रमाण-पत्र, रोजगार की अवधि और पद संबंधी भूमिका से संबंधित कार्य

के प्रति उत्तरदायित्वों का विवरण।

- भूमिका से संबंधित पिछले कार्य को प्रदर्शित करने वाला पोर्टफोलियो/कार्य के उदाहरण।

**4.** युवा पेशेवरों और परामर्शदाताओं दोनों की नियुक्ति की योजना क्रमशः युवा पेशेवरों (वाईपी) **–II** की नियुक्ति और परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए **आईसीएमआर के दिशा–निर्देशों के अनुसार होगी, जो दिनांक 26-11-2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 16/84/2024-प्रशासन/ई–171470** के अधीन प्रसारित किए गए हैं और उन पर नियम और शर्तें उक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार ही होंगी।

**5. सामान्य नियम और शर्तें:**

i. ये पद अस्थाई संविदा आधार के हैं।

ii. आयु में छूट नियमानुसार होगी।

iii. **नियुक्ति की अवधि:–**

- युवा पेशेवरों की प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे संगठन में युवा पेशेवरों की सेवाओं की आवश्यकता और उम्मीद्वारों के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक/वरिष्ठ वित्त सलाहकार स्तर के एक अधिकारी द्वारा किए गए मूल्यांकन के **बाद अधिकतम दो वर्ष (एक बार में 01 वर्ष) तक बढ़ाया जा सकता है।** इस प्रकार, परिषद मुख्यालय में युवा **पेशेवरों की नियुक्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्ष (1+1+1) होगी।**
- परामर्शदाताओं की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि **एक वर्ष से अधिक नहीं होगी और यदि उसके बाद कोई विस्तार किया जाता है, तो मामले दर मामले आधार पर, कार्य की आवश्यकताओं और इसके पूरा होने की रूपरेखा के आधार पर,** सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए संबंधित कार्य निष्पादन के मूल्यांकन पर खरा उतने के अधीन विचार किया जा सकता है, लेकिन यह पांच वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। सभी मामलों में, आईसीएमआर (मुख्यालय/संस्थानों/केन्द्रों) में किसी भी परामर्शदाता की नियुक्ति की अवधि 05 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो।

iv. **अपूर्ण आवेदन या निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन या बिना फोटो और हस्ताक्षर या बिना सहायक दस्तावेजों के आवेदन रद्द करने के योग्य हैं। अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

v. दावा किए गए शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव के प्रासंगिक दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।

vi. परीक्षा/साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा; अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

vii. परिषद के महानिदेशक किसी भी समय किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

viii. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

ix. मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केन्द्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से

अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे कार्य सौंपे जाने या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या आईसीएमआर में नियुक्ति/समावेश/सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाएं आदि परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

x. परिषद के महानिदेशक, बिना कोई कारण बताए, सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी युवा पेशेवर पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

xi. उपस्थिति और छुट्टी युवा प्रतिभागियों और परामर्शदाताओं के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।

xii. परिषद के महानिदेशक, अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

xiii. चयन या रोजगार के लिए किसी भी रूप में प्रचार करना या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा और अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

xiv. परिषद के महानिदेशक, प्रतीक्षा-सूची के अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, जो एक वर्ष के लिए वैध होगा।

xv. किसी भी केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अंतर्गत पहले से नियमित सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

xvi. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धि-पत्र/परिशिष्ट/अतिरिक्त जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.icmr.gov.in/) देखते रहें। प्रेस में कोई अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।

एसडी/-
प्रमुख, नीति एवं संचार प्रभाग

अनुलग्नक - I

| विषय-सूची विकास और प्रसार | |
|---|---|
| पद का नाम | युवा पेशेवर (वाईपी) – II (तकनीकी/वैज्ञानिक) (सामान्य) |
| पदों की संख्या | 06 |
| आयु सीमा | विज्ञापन की अंतिम तिथि के अनुसार 40 वर्ष से कम आयु। |
| पारिश्रमिक | रु. 42,000/- प्रति माह; कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा |
| अनिवार्य योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ संचार, मीडिया स्टेडीज, दृश्य कला, ग्राफिक डिजाइन, फिल्म निर्माण, जन-स्वास्थ्य या संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| वांछनीय योग्यता | • योग्यता अर्जित करने के पश्चात सरकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों या निजी संगठनों में न्यूनतम एक वर्ष कार्य करने का अनुभव।<br>• उत्कृष्ट लेखन कौशल और संपादन, डिजाइनिंग, और वीडियो संपादन कौशल, जहां लागू हो।<br>• नीति एवं संचार में अनुभव, विशेष रूप से स्वास्थ्य या अनुसंधान क्षेत्र में।<br>• आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल मीटिंग प्लेटफार्मों और एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट और टैली सहित कंप्यूटर का ज्ञान।<br>*नोट: इंटर्नशिप/प्रशिक्षण का अनुभव शामिल नहीं माना जाएगा* |
| भूमिकाएं और जिम्मेदारियां | **विषय-सूची समन्वयक –संचार और सोशल मीडिया**<br>• संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ पंक्तिबद्ध योजना सुनिश्चित करने के लिए सभी संचार सामग्री और सोशल मीडिया आउटपुट की योजना, निर्माण और निष्पादन की देखरेख करना।<br>• उच्च मानक और स्थिरता बनाए रखने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करना और सभी सामग्री की गुणवत्ता जांच करना।<br>• सामग्री अनुमोदन को सुगम बनाने तथा चैनलों पर समय पर प्रसार सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक टीमों और बाहरी हितधारकों के साथ समन्वय करना।<br>• प्रमुख समारोहों और संगठनात्मक पहलों की रणनीतियों सहित व्यापक सोशल मीडिया अभियानों की संकल्पना और विकास करना।<br>• सम्मेलनों, बैठकों और आयोजनों के लिए वार्ता बिंदुओं का मसौदा तैयार करने, उन्हें परिष्कृत करने और अनुकूलित करने के लिए नेतृत्व के साथ सहयोग करना।<br><br>**वीडियो शूटिंग और संपादन**<br>• उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट सुनिश्चित करने के लिए ग्राफिक डिजाइन, वीडियो शूटिंग, संपादन और उत्पादन गतिविधियों का नेतृत्व और देखरेख करना।<br>• संगठनात्मक उद्देश्यों और ब्रांडिंग दिशा-निर्देशों के साथ पंक्तिबद्ध योजना सुनिश्चित करने के लिए ग्राफिक और वीडियो सामग्री का विकास, समीक्षा और अनुमोदन करना।<br>• प्रमुख संदेशों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने और सहभागिता बढ़ाने के लिए इन्फोग्राफिक्स, दृश्य कथावाचन और वीडियो आख्यानों के लिए रचनात्मक दिशा प्रदान करना।<br>• अभियानों, रिपोर्टों और अन्य आवर्ती संगठनात्मक आवश्यकताओं के लिए पुन: प्रयोज्य टेम्पलेट्स और दृश्य परिसंपत्तियों के विकास का मार्गदर्शन |

| | |
|---|---|
| | करना।<br>• प्रभाग के उद्देश्यों और समय-सीमा के साथ पंक्तिबद्ध योजना को प्राथमिकता देते हुए रचनात्मक आउटपुट की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना। |
| **तैनाती का स्थान** | नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |
| | |
| **पद का नाम** | परामर्शक (तकनीकी – नॉन मेडिकल) (ग्राफिक डिजाइनिंग) |
| **पदों की संख्या** | 01 |
| **आयु सीमा** | आवेदन के समय न्यूनतम 40 वर्ष और अधिकतम 70 वर्ष की आयु। |
| **पारिश्रमिक** | योग्यता, अनुभव और जिम्मेदारियों के दायरे के आधार पर 1,00,000 – 1,80,000/- रुपये प्रति माह के बीच। |
| **अनिवार्य योग्यता** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ कला/वाणिज्य/विज्ञान में स्नातक की डिग्री तथा ग्राफिक डिजाइनिंग में 10 वर्ष से अधिक का व्यापक अनुभव। |
| **वांछनीय योग्यता** | • सरकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों या स्वास्थ्य संस्थानों में ग्राफिक डिजाइनिंग का अनुभव, अधिमानतः।<br>• सोशल मीडिया पोस्ट, लघु एनिमेशन, इन्फोग्राफिक्स, वार्षिक रिपोर्ट सहित दस्तावेज़ डिजाइनिंग/कोई अन्य दिशा-निर्देशों का गहन ज्ञान।<br>• डिजाइनिंग प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग के साथ-साथ नवीनतम ग्राफिक डिजाइनिंग टूल्स का ज्ञान।<br>• आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल मीटिंग प्लेटफार्मों और एमएस वर्ड, एक्सेल सहित कंप्यूटर कौशल का कार्यसाधक ज्ञान।<br>• पावरपॉइंट और परियोजना प्रबंधन उपकरण। |
| **भूमिका एवं उत्तरदायित्व** | • सरकारी परियोजनाओं के लिए उन्नत ग्राफ़िक टूल का उपयोग करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले इन्फोग्राफिक्स, रिपोर्ट, पोस्ट और एनिमेशन डिज़ाइन करना।<br>• सुनिश्चित करना कि डिजाइन नीति आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सरकारी ब्रांडिंग मानकों के अनुरूप हों ताकि स्थिरता और स्पष्टता बनी रहे।<br>• राष्ट्रीय अभियानों, स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सार्वजनिक सेवा घोषणाओं के लिए दृश्य (विजुअल्स) डिजाइन करना।<br>• डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और प्रिंट सामग्री दोनों के लिए अनुकूलित सामग्री तैयार करना, जो सरकारी विनिर्देशों के अनुरूप हो।<br>• सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विषय-वस्तु परियोजना के लक्ष्यों और संदेश के अनुरूप हो।<br>• जटिल डाटा को आसानी से समझने योग्य, आकर्षक इन्फोग्राफिक्स और चार्ट में परिवर्तित करना।<br>• सरकारी संचार नियमों का पालन करना और सुनिश्चित करना कि डिजाइन समावेशी और सुलभ हों।<br>• बेहतर सहभागिता के लिए सामग्री के प्रदर्शन की निगरानी करना और विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि के आधार पर रणनीतियों को समायोजित करना। |

| | |
|---|---|
| **तैनाती का स्थान** | नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

| आउटपुट विश्लेषण और प्रभावी आकलन | |
|---|---|
| पद का नाम | युवा पेशेवर (YP) – II (तकनीकी/वैज्ञानिक) (सांख्यिकी) |
| पदों की संख्या | 02 |
| आयु सीमा | विज्ञापन की तिथि के अनुसार आयु 40 वर्ष से कम। |
| पारिश्रमिक | रु. 42,000/- प्रति माह; कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा |
| अनिवार्य योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 55% अंकों के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य, संचार, सामाजिक विज्ञान, सांख्यिकी, डेटा विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| वांछनीय योग्यता | • डाटा संग्रहण, विश्लेषण या प्रभाव आकलन में न्यूनतम 1 वर्ष का योग्यता अर्जित करने के पश्चात का अनुभव, विशेष रूप से सरकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसियों या अनुसंधान संगठनों में।<br>• सरकारी, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान या विकास क्षेत्र में कार्य करने का पूर्व अनुभव वांछनीय है।<br>• संचार या आउटरीच अभियानों के लिए निगरानी और मूल्यांकन ढांचे को डिजाइन करने और कार्यान्वित करने का अनुभव।<br>• डाटा विश्लेषण उपकरण (एक्सेल, एसपीएसएस, आर, या समान) का उपयोग करने में कुशल।<br>• मजबूत विश्लेषणात्मक, रिपोर्ट लेखन और प्रस्तुति कौशल, रणनीतिक अंतर्दृष्टि में ट्रांसलेट डाटा की क्षमता।<br>*नोट: इंटर्नशिप/प्रशिक्षण का अनुभव शामिल नहीं किया जाएगा।* |
| भूमिका और जिम्मेदारी | • संचार और आउटरीच गतिविधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए डाटा संग्रह, प्रसंस्करण और विश्लेषण प्रयासों का नेतृत्व करना।<br>• सर्वेक्षण, साक्षात्कार और अन्य उपकरणों सहित संचार अभियानों की प्रभावशीलता पर नज़र रखने और उसका आकलन करने की रूपरेखा तैयार करना और उसे क्रियान्वित करना।<br>• आंतरिक और बाह्य हितधारकों के लिए विस्तृत रिपोर्ट और प्रस्तुतियाँ तैयार करना।<br>• प्रदर्शन पर अंतर्दृष्टि बनाए रखना और सुधार के लिए सिफारिशें प्रस्तुत करना। |
| तैनाती का स्थान | नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |
| | |
| पद का नाम | परामर्शदाता (वैज्ञानिक –नॉन–मेडिकल) (जन स्वास्थ्य) |
| पदों की संख्या | 01 |
| आयु सीमा | आवेदन के समय न्यूनतम आयु 40 वर्ष और अधिकतम 70 वर्ष। |
| पारिश्रमिक | योग्यता, अनुभव और जिम्मेदारियों के दायरे के आधार पर रु. 1,00,000 – 1,80,000/- प्रति माह के बीच एक समेकित मासिक शुल्क। |
| अनिवार्य योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 55% अंकों के साथ संचार, मीडिया अध्ययन, दृश्य कला, ग्राफिक डिजाइन, फिल्म निर्माण, जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| वांछनीय योग्यता | • स्वास्थ्य या सार्वजनिक क्षेत्र की पहलों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए रणनीतिक संचार, प्रभाव आकलन या निगरानी एवं मूल्यांकन में कम से कम 10 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।<br>• व्यापक स्तर पर संचार और जन स्वास्थ्य अभियानों के लिए व्यापक |

| | |
|---|---|
| | मूल्यांकन ढांचे को डिजाइन करने और नेतृत्व करने में सिद्ध अनुभव।<br>• मूल्यांकन उपकरणों, प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) और संचार प्रभाव को मापने की पद्धतियों का गहन ज्ञान।<br>• बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं, परामर्शदाता और सरकारी हितधारकों के साथ संबंधों के प्रबंधन में अनुभव।<br>नोट: पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान माना जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)। |
| **भूमिका और जिम्मेदारी** | • आईसीएमआर के संचार और आउटरीच प्रयासों की प्रभावशीलता को मापने के लिए व्यापक मूल्यांकन ढांचे को डिजाइन करने और कार्यान्वित करने में रणनीतिक नेतृत्व प्रदान करना।<br>• चालू एवं भविष्य के संचार अभियानों के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतक (KPI) और मूल्यांकन उपकरण विकसित करना।<br>• संचार गतिविधियों से संबंधित डाटा का संग्रह, विश्लेषण और व्याख्या की देखरेख करना, तथा सहभागिता और पहुंच में सुधार के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करना।<br>• डाटा-संचालित मूल्यांकन के आधार पर संचार के प्रभाव और पहुंच को बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर नेतृत्व को सलाह देना।<br>• वरिष्ठ नेतृत्व, सरकारी हितधारकों और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के समक्ष प्रस्तुतियाँ देना, तथा निष्कर्षों और रणनीतिक सिफारिशों पर प्रकाश डालना। |
| **तैनाती का स्थान** | नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

## अनुलग्नक - II

**1. युवा पेशेवर (वाईपी) – II**

युवा पेशेवर (वाईपी) – II के पद की भर्ती के लिए, निम्नलिखित चरणों का अनुपालन किया जाएगा, प्रत्येक चरण के अंकों का महत्व (वेटेज) नीचे विनिर्दिष्ट किए गए हैः

क. **प्रारंभिक मूल्यांकन (50% वेटेज) :** स्क्रीनिंग के प्रथम-चरण में आवेदन के समय ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों का मूल्यांकन करना शामिल होगा:

- प्रयोजन विवरण (एसओपी)
- शैक्षिक योग्यता का प्रमाण-पत्र
- प्रासंगिक अनुभव प्रमाण-पत्र
- पोर्टफोलियो/कार्य नमूने
    - **विशेषज्ञ संचार सामग्री** के लिए, अभ्यर्थियों को अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र के आधार पर निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:
        - 2-3 लिखित नमूने, जैसे रणनीतिक संचार योजनाएँ, रिपोर्ट या केस स्टडीज़।
        - 2-3 पूर्ण सोशल मीडिया अभियान, जिसमें दृश्य, कैप्शन और सहभागिता डेटा शामिल हों।
        - 3-5 उच्च-स्तरीय डिज़ाइन नमूने, जिनमें इन्फोग्राफिक्स, पोस्टर और वेब विज़ुअल शामिल हों।
        - 2-3 वीडियो नमूने (लघु एवं व्यापक दोनों रूप में)।
    - **आउटपुट विश्लेषण और प्रभाव आकलन विशेषज्ञ के लिए,** अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:
        - व्यापक M&E रिपोर्ट, प्रभाव मूल्यांकन, या रणनीतिक ढांचे के 1-2 उदाहरण, जिनमें रिपोर्ट में प्रयुक्त कोई भी उपकरण, कार्य-प्रणाली, या डाटा विश्लेषण शामिल हो।

केवल वे ही अभ्यर्थी आगे के मूल्यांकन के लिए चुने जाएंगे जो इन दस्तावेजों में आवश्यक मानकों को पूरा करेंगे।

ख. **लिखित परीक्षा/असाइनमेंट (30% वेटेज) : अल्पसूचीबद्ध (**शॉर्टलिस्ट) किए गए अभ्यर्थियों को एक विनिर्दिष्ट तारीख पर लिखित परीक्षा या असाइनमेंट पूरा करना होगा, जिसकी सूचना पहले से दी जाएगी। यह परीक्षा संबंधित भूमिका के लिए प्रासंगिक व्यावहारिक कौशल का आकलन करेगी।

ग. **साक्षात्कार (20% वेटेज) :** लिखित परीक्षा/असाइनमेंट चरण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को परिषद मुख्यालय में आमने-सामने साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**2. परामर्शदाता**

परामर्शदाता पद की भर्ती के लिए निम्नलिखित चरणों का अनुपालन किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक चरण के अंकों का महत्व (वेटेज) नीचे दिया गया है।

क. **प्रारंभिक मूल्यांकन (50% वेटेज) :** स्क्रीनिंग के प्रथम-चरण में आवेदन के समय ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत निम्नलिखित दस्तावेजों का मूल्यांकन शामिल होगा:

- प्रयोजन विवरण (एसओपी)
- शैक्षिक योग्यता का प्रमाण-पत्र
- प्रासंगिक अनुभव प्रमाण-पत्र
- पोर्टफोलियो/कार्य नमूने
    - **आउटपुट विश्लेषण और प्रभाव आकलन विशेषज्ञ** के लिए, अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगे:
        - व्यापक M&E ढांचा, रिपोर्ट और प्रभाव मूल्यांकन दस्तावेजों के 1-2 उदाहरण, कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन पद्धतियों की उन्नत समझ को प्रदर्शित करते हों।

केवल वे ही अभ्यर्थी आगे के मूल्यांकन के लिए चुने जाएंगे जो इन दस्तावेजों में आवश्यक मानकों को पूरा करेंगे।

ख. **रणनीतिक प्रस्तुति (30% वेटेज) :** चयनित अभ्यर्थियों को एक पीपीटी प्रस्तुति (15-20 स्लाइड) तैयार कर प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें उनकी भूमिका के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण की रूपरेखा हो।

ग. **साक्षात्कार (20% वेटेज) :** रणनीति प्रस्तुति चरण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को आईसीएमआर मुख्यालय में आमने–सामने साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।